## खबर संक्षेप

### बिना अवकाश जन सुनवाई में पहुंचे शिक्षक को किया निलंबित

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के समक्ष बिना अवकाश स्वीकृत कराये और सक्षम अधिकारी से मुख्यासलय छोड़ने की अनुमति प्राप्ता किये बिना मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचना माध्यमिक शिक्षक अजय कुमार चौधरी को महंगा पड़ गया। कलेक्टर श्री यादव ने शिक्षक के इस कृत्य को लापरवाही और अनुशासनहीनता मानते हुए डीईओ को निलम्बित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने विकासखंड बड़वारा के शासकीय माध्यजमिक शाला बड़ागांव नंबर 2 में पदस्थ माध्यबमिक शिक्षक अजय कुमार चौधरी द्वारा स्कूल छोड़ कर कटनी मुख्यालय आकर जनसुनवाई में पहुंचने के कृत्ये को कलेक्टर ने अनुशासनहीनता मानते हुये तत्काील प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। बताते चलें कि माध्येमिक शिक्षक श्री चौधरी कक्षा 10वीं में अध्यमयनरत अपने पुत्र अभिजीत चौधरी के 10वीं की परीक्षा प्रवेश पत्र में अपने पुत्र के माता अर्थात अपनी पत्नी के नाम में सुधार कराने संबंधी आवेदन लेकर बिना अवकाश एवं बिना अनुमति कलेक्ट्रेट पहुंचा था। जिसे कलेक्टर ने गंभीर लापरवाही माना। बताया गया है कि माध्येमिक शिक्षक अजय कुमार चौधरी की पदस्थानपना वाला शासकीय माध्यतमिक शाला बड़ागांव नंबर 2 स्कूल एक शिक्षकीय शाला है।

### आधार पंजीयन एवं अपडेशन हेतु स्कूलों में लग रहा आधार कैंप

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले में संचालित शासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य हेतु आधार कैम्प आयोजित किया जा रहा है। इस कैम्प में आधार पंजीयन एवं अपडेशन कार्य हेतु कार्य समाप्ति की अंतिम तिथि तक जिला ई-गवर्नेस अंतर्गत कार्यरत समस्त आधार सुपरवाईजर की ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी सुपरवाईजर निर्धारित तिथि एवं स्थरल पर आवश्यधक उपकरण के साथ अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर शालाओं में अध्यजयनरत छात्र-छात्राओं के आधार पंजीयन एवं अपडेशन का कार्य किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जारी आदेश के अनुसार आधार पंजीयन एवं अपडेशन हेतु विकासखंड कटनी में अमन शुक्ला की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार विकासखंड विजयराघवगढ़ में रामजी कुशवाहा, विकासखंड बड़वारा प्रशांत मिश्रा 9131403641, विकासखंड ढीमरखेड़ा में आनंद प्रजापति की ड्यूटी लगाई गई है इसके अलावा विकासखंड बहोरीबंद में ब्रजेश साहू एवं विकासखंड रीठी में प्रीती की ड्यूटी लगाई गई है।

### जिले में अब तक 529.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से मंगलवार 15 जुलाई तक कुल 529.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 672.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 172 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 208.1 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 526.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 632.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 450 मिलीमीटर, बरही तहसील में 421 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 549.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 516.1 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 672.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 468.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### मुख्य मार्गों में आवारा मवेशियों की वजह से होने वाले हादसों को रोकने के प्रयास

# नहीं सुधर रहे पशुपालक, अब तक 12 के विरूद्ध दर्ज कराई गई एफआइआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन के मामले में घुमंतु पशुओं के 2 पशुपालकों के विरूद्ध बहोरीबंद पुलिस थाना में एवं 1 पशुपालक के विरूद्ध बड़वारा पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

इस प्रकार जिले में पशुओं को आवारा छोड़ने वाले 12 पशुपालकों के विरुद्ध अब तक प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है।

जिला प्रशासन द्वारा पशु मालिकों और पशुपालकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने गौवंश को बांध कर रखें। ताकि सड़कों पर विचरण करते गौवंश जनहानि व दुर्घटना का कारण न बनें, कई बार वाहनों की टक्कर से बेज़ुबान पशु भी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं और सड़क में दर्द से कराहते हैं और असह पीड़ा का सामना करते हैं। इसलिए



मानवीय नजरिए से इन्हें घरों में बांध कर रखें ताकि ये बेजुबान पशु सड़कों में घायल न हो न और इन्हें कष्ट भी न हो।

नेशनल हाइवे और जिले के अन्य व्यस्त सड़क मार्गों पर विचरण करते गौवंश और सड़कों में पशुओं के जमावड़े से संभावित सड़क दुर्घटना से लोक संपत्ति, पशु हानि एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री यादव द्वारा विगत 1 जुलाई को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था।

इसी आदेश के अनुक्रम में अब तक पुलिस थाना स्लीमनाबाद मे 5, कुठला पुलिस थाना में 1, कोतवाली पुलिस थाना में 3 सहित बहोरीबंद पुलिस थाना में 2 एवं बड़वारा पुलिस थाना में 1 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

#### इन पर दर्ज हुई प्राथमिकी

ग्राम पंचायत बहोरीबंद के सचिव राकेश कुमार चौधरी ने सड़कों में पशुओं को निराश्रित छोड़ने वाले दो पशुमालिकों, तिगवां निवासी काशीराम एवं बहोरीबंद निवासी निशानभागचंद दुबे के विरुद्ध बहोरीबंद पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत लखाखेरा के सचिव सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा ने ग्राम लखाखेरा निवासी चिन्दीदीन विश्वकर्मा के विरूद्ध बड़वारा पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराया है।

#### टैग स्कैन कर कार्यवाही

सड़क में आवारा घूमते हुए गौवंश के कान मे लगे टैग को स्कैन कर पशुपालकों और मालिकों की पहचान कर एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री यादव द्वारा बीते 1 जुलाई को जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत घुमंतु पशुओं के मालिकों व पशुपालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करानें की कार्यवाही की गई है।



## एक बगिया मां के नाम के तहत हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बहुआयामी परियोजना 'एक बगिया मां के नाम' के क्रियान्वयन के संबंध में मंगलवार को जनपद पंचायत बड़वारा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनपद पंचायत बड़वारा की सीईओ प्रभावती तेकाम ने स्व-सहायता समूह की कृषि सखी, उद्यमता सखी, बैंक सखी, सीएलएफ सदस्य एवं समूह की सक्रिय सदस्यों को 'एक बगिया मां के नाम' कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ. अजीत सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा के द्वारा शासन की इस महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाने के लिये प्रोजेक्ट से हितग्राही को होने वाले लाभ, हितग्राही चयन की प्रक्रिया एवं सिपरी साफ्टवेयर के माध्यम से उपयुक्त पाये गये स्थल में पौध रोपण की चरणबद्ध जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि परियोजना में समस्त भुगतान हितग्राही को ही प्राप्त होगा। इसके अलावा हितग्राही की भूमि में तार फेंसिंग, जल कुण्ड एवं उद्यानकी पौधों के रोपण की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान ब्लॉक प्रबंधक सूर्यप्रताप सिंह बघेल, जिला प्रबंधक सीमा शुक्ला, सहा. जिला प्रबंधक रामरति, क्लस्टर नोडल अधिकारी सुशीला सिंह, कैलाश वर्मा, अमित सिंह, पंचायत खण्ड अधिकारी उदयभान दाहिया आदि उपस्थित रहे।

### जन शिक्षण संस्थान परिसर में सेमिनार का हुआ आयोजन

## 16 से 22 जुलाई तक विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं लाइव डेमो का किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्व युवा कौशल दिवस बेहतर प्रशिक्षण के लिए एक नायाब प्रयास जन शिक्षण संस्थान कटनी के द्वारा 15 जुलाई 2025 को जन शिक्षण संस्थान परिसर में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निदेशक द्वारा यह बताया गया की इस वर्ष एम.एस.डी.इ. 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बड़े ही धूमधाम से सप्ताहिक गतिविधियां समस्त जन शिक्षण संस्थान में आयोजित की जा रही है।

इस आदेश के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान कटनी में निबंध प्रतियोगिता, वादविवाद प्रतियोगिता, ड्राइंग एवं पेटिंग प्रतियोगिता, स्लोगन लेख प्रतियोगिता, प्रायोगिक



कौशल परीक्षा के अंतर्गत सिलाई एवं हेयर स्टाइल प्रतियोगिता एवं लाइव डेमो का आयोजन क्रमवार 16 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तक मंत्रालय के निर्देशानुसार लाभार्थियों के मध्य अलग-अलग सब सेन्टर में आयोजित किया जायेगा एवं सभी लाभार्थियों, अनुदेशक एवं स्टॉफ को विश्व युवा कौशल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए यह बताया गया कि हमारा मंत्रालय लगातार 10 वर्षो से व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण के अंतर्गत रोजगार, उद्यमिता के लिए तकनीकि और व्यवसायिक कौशल कार्यक्रम संपन्न करा रहा है। लिंग असमानता को समाप्त करना, कमजोर वर्गो के लिए पहुंच सुनिश्चित करना, युवाओं ओर वयस्कों को रोजगार के समुख करना एवं उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल विकास करना। यही मंत्रालय की मंशा रही।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी नित्यांशु गहरवार के द्वारा किया गया। इस सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बबीता सिंह, क्षेत्रीय समन्वय अजय पटेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर हेमन्त राज एवं अनुदेशक हर्षिता सिंह, श्रष्टि सिंह, वर्षा विश्वकर्मा, बबली श्रीवास्तव एवं आसपास के संचालित केन्दो के प्रशिक्षणार्थियों की भूमिका सराहनीय थी।

## विद्यालय में नशा मुक्ति का दिलाया गया संकल्प



मप्र पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी जन–जागरूकता अभियान की शुरुआत मंगलवार को स्लीमनाबाद में हुई। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने पुलिस अमले के साथ इस अभियान की शुरुआत की। यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक चलेगा, जिसके तहत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने पर जोर रहेगा। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने ग्रेस मिशन हायर सेकेण्डरी स्कूल मै नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत छात्र–छात्राओं को जागरूक किया। थाना प्रभारी ने छात्र –छात्राओं को नशे से होने वाली आर्थिक ,शारीरिक , मानसिक व सामाजिक नुकसान को विस्तृत रूप से समझाया। साथ ही नशे से होने वाली दैनिक जीवन में आने वाली परेशानी को बच्चो से प्रश्नोत्तर के माध्यम से समझा गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। साथ नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया कि ₹ न ही मैं नशा करूंगा न ही करने दूंगा, इससे अपने घर , परिवार , कुटुंब, समाज को बचाऊंगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। थाना प्रभारी ने बतलाया कि अभियान के तहत थाना क्षेत्र में निबंध, स्लोगन, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिताएं, विशेषज्ञ संवाद सत्र, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन–जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को स्कूल बैग का वितरण कर किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्र मदारी टोला बड़वारा, ददरी टोला विलायतकला, जोबिकला, मुड़वारा एवं मगरधा में प्री स्कूल-पोषण एवं शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष आरएल चौधरी ने बतया कि मुख्य अतिथि श्रीमति प्रतिभा पांडे जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग विशिष्ट अतिथि अजय सोनी (मंडल अध्यक्ष) श्रीमति विद्या पांडे ( परियोजना अधिकारी) मुड़वारा एवं इन्द्र कुमार साहू (परियोजना अधिकारी) बड़वारा द्वारा किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र





में दर्ज बच्चों को स्कूल बैग, मिल्क एवं बिस्कुट का वितरण किया गया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पुष्पेन्द्र गिरी, काशी विश्वकर्मा, राजेश कुमार चौधरी, माया गुप्ता, संगीता बर्मन, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, गोवर्धन रजक, रविकांत राय, रूपा बर्मनआंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला बेन, राधा विश्वकर्मा सहित संस्था के समस्त सदस्यगण का महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया

### शाला भवन का समय-समय पर देख रेख करते हुए आवश्यक कार्यवाही करनें के दिए निर्देश

## विद्यार्थियों में ज्ञान एवं चरित्र विकास की नींव हैं विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें नगर पालिक निगम कटनी द्वारा संचालित के.सी.एस.उ.मा.विद्यालय का किया निरीक्षण इस दौरान पार्षद अवकाश जायसवाल रहे मौजूद। श्री पाठक ने विद्ययालय परिसर का जायजा लेते हुए कहा कि, विद्यार्थी जीवन एक महत्वपूर्ण चरण है जो छात्र छात्राओं के जीवन में ज्ञान, कौशल और चरित्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है,इस चरण में छात्रों को न केवल शिक्षा प्राप्त करनी होती है, बल्कि उन्हें अपने व्यक्तित्व, सामाजिक कौशल और नैतिक मूल्यों को भी विकसित करना होता है। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कहा कि,अध्ययन के दौरान छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस बात का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है।

#### भवन का रख-रखाव करना अतिआवश्यक

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें जानकारी देते हुए बताया कि,शाला भवन की समय-समय पर देख रेख कर आवश्यक व्यवस्थाए जैसे फर्श, छत, शौचालय सुचारू पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सीपेज एवं अन्य मरम्मत कार्य के साथ ही भवन के रंग रोगन से संबंधित कार्य समय समय पर किया जाना अति आवश्यक है इस संबंध में संबंधित उपयंत्री को आवश्यक निर्देश प्रदान किए है। श्री पाठक नें निरीक्षण के दौरान कहा की परिसर एवं शौचालय में प्रतिदिन साफ-सफाई होना आवश्यक है छात्राओं को अध्ययन कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई और असुविधा नहीं होनी चाहिए विद्यार्थी देश का भविष्य होते हैं और उनके ज्ञान, कौशल और सक्रिय भागीदारी से ही देश प्रगति करता है,के सी एस शाला में संचालित हो रहे भारत निर्माण कोचिंग भवन में सुविधाओं के विस्तार हेतु कराए जा रहे कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया है ताकि विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण हेतु पूर्ण सुविधा सहित कोचिंग का लाभ प्राप्त हो सके। विद्यालय परिसर में रंगमंच छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

#### न हों किसी तरह की असुविधा

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कहा कि,छात्रों को रचनात्मकता, आत्मविश्वास, और सामाजिक कौशल विकसित करने में रंगमंच की महत्वपूर्ण भूमिका होती है साथ ही आत्मविश्वास में वृद्धि, संचार कौशल में सुधार सृजनात्मकता का विकास सामाजिक कौशल में वृद्धि शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार भावनात्मक विकास के साथ सांस्कृतिक जागरूकता को जानने का अवसर प्रदान करता है रंगमंच।विद्यालय परिसर में स्थित रंगमंच में आवश्यक मरम्मत कार्य कराते हुए रंगमंच को सुव्यवस्थित कराने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया है साथ ही रंगमंच के सामनें परिसर में डोम व्यवस्था कराने की बात कही है ताकि बारिश एवं ग्रीष्म ऋतु के दौराना आयोजित होने वाले कार्यक्रमो में छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### पुलिस कप्तान ने जन जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

## 'नशे से दूरी है जरूरी' थीम पर चलाया गया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई तक "नशे से दूरी है जरूरी" विषय पर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से बचाना, समाज को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराना एवं जनभागीदारी से नशामुक्त समाज की स्थापना करना है। जिले में इस अभियान का 15 जुलाई को प्रातः 11 बजे थाना कोतवाली परिसर में पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा द्वारा विशाल जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया।

रैली में सक्रिय भागीदारी एनसीसी, स्काउट्स एंड गाइड्स, छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण, समाजसेवी संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएँ एवं पुलिस बल शामिल हुए। रैली का मार्ग थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर थाना



तिराहा, सुभाष चौक, हनुमान मंदिर, बरही नाका, खिरहनी चौकी, घंटाघर, शेर चौक, गर्ग चौराहा, झंडा बाजार होते हुए मिशन चौक पर रैली का समापन हुआ। नशा विरोधी नारों, बैनरों एवं पोस्टरों के माध्यम से जनसमुदाय को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं एवं आमजन को दिलाई गई "नशा न करने की शपथ पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में वाहन रैली समापन स्थल मिशन चौक में एनसीसी, स्काउट्स एंड गाइड्स, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं आमजन को नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

#### विविध जागरूकता कार्यक्रम होंगे

जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थलों पर निबंध, स्लोगन, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएँगी। विशेषज्ञों व वक्ताओं द्वारा नशे के दुष्परिणाम, बचाव एवं पुनर्वास पर संवाद व मार्गदर्शन सत्र आयोजित होंगे। आमजन में जागरूकता फैलाने हेतु सोशल मीडिया, नुक्कड़ नाटक, पंपलेट वितरण आदि माध्यमों का उपयोग किया जाएगा।

कटनी पुलिस समस्त नागरिकों से अपील करती है कि इस अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागी बनें, दूसरों को भी प्रेरित करें, और नशा मुक्त समाज निर्माण की इस मुहिम को सार्थक सफलता प्रदान करें।

वाहन रैली कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, सीएसपी नेहा पच्चीसिया, प्रोविजनल डीएसपी शिवा पाठक, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, एवं शहर के थाना/चौकी प्रभारी अपने बल के साथ उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा,में कक्षा छठवीं सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन पत्र भरना प्रारंभ हो गया है। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गया है। इसके लिए आवेदन आनलाईन किया जा सकेगा। आनलाईन आवेदन को जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। आवेदन ऑनलाईन निःशुल्क किया जा सकता है। चयन परीक्षा हेतु आवेदन करने की पात्रता उन विद्यार्थियों को ही है जो कि कटनी जिले में सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों एवं कटनी जिले में ही निवासी होंगे।

चयन होने की स्थिति में विद्यार्थी का एवं पालक का कटनी जिले के निवास का प्रमाण (जो कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित हैं) देना अनिवार्य होगा। जो विद्यार्थी जिस विकासखण्ड के विद्यालय में अध्ययनरत हैं उसी विकासखण्ड का उल्लेख आवेदन पत्र में करेंगे। आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी सही एवं सावधानी पूर्वक भरेंगे। विद्यालय सरकारी या मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। वे ही विद्यार्थी आवेदन करने हेतु पात्र हैं जिनका जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 (दोनों दिनांक सम्मिलित करते हुए) के बीच हुआ हो।

## खबर संक्षेप



### मवेशियों को खुला छोड़ रहे मालिक, पंचायत करा रही व्यवस्था

**उमरियापान।** गांव में इन दिनों खुले घूम रहे मवेशियों की समस्या ने गंभीर रूप ले लिया है। सड़कों पर बैठे मवेशी आवागमन में बाधित बन रहे है। एक वाहन चालक घायल हो रहे हैं,दूसरी तरफ बड़े वाहनों की टक्कर से मवेशियों की जान जा रही है। खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर रहे इन मवेशियों को लेकर किसानों में नाराजगी है। मवेशियों को खुला छोड़ देने वाले कुछ पशुपालकों के द्वारा मवेशियों की सुरक्षा नहीं की जाती है।जिससे मवेशी सड़कों पर आकर बैठते है।कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशु पालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने और मवेशियों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। जिसके बाद उमरियापान में पंचायत द्वारा खुले में घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित रूप से रखने के लिए गौशाला में व्यवस्था की जा रही है। सरपंच अटल ब्यौहार,पंचायत सचिव सतीश गौतम,रमेश झारिया और ग्राम रोजगार सहायक अतुल चौरसिया ने पंचायत कर्मियों के साथ खुले में बैठें मवेशियों को गौशाला में सुरक्षित किया। पशुपालकों को समझाइश दिया। बावजूद कुछ पशुपालक अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और फसल नुकसान जैसी घटनाएं हो रही हैं। पंचायत ने दो पशु पालकों के खिलाफ पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

### 12 मवेशियों को भेजा गया कांजी हाउस

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देशन में नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो की मुख्य एवं अन्य मार्गो की सार्वजनिक सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गौवंश को सड़कों से हटाकर कांजी हाउस एवं गौशाला में विस्थापित करने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम एवं निराश्रित पशु एवं गौवंश की सुरक्षा के लिए गत दिवस धारा 163 प्रभावशील कर संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया था। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि इसी क्रम में सोमवार रात को नगर के विभिन्न मार्गो में हाका गैंग द्वारा अभियान चलाकर 12 निराश्रित गौवंश को कांजी हाउस एवं गौशाला में शिफ्ट करने की कार्यवाही की गई। वहीं मंगलवार को नगर स्थित नदी पार कुठला सहित बरगवां एवं झिझरी व अन्य स्थलों में हांकां टीम द्वारा आवारा मवेशियों को हांका लगाकर मुख्य मार्ग से अलग करने की कार्यवाही की जाकर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मुहैया कराने के प्रयास किये गए।

### लापता बालक को किया गया दस्तयाब, परिजनों के किया सुपुर्द

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया के निर्देशन एवं थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में माधवनगर पुलिस ने अपहृत बालक को तत्परता पूर्वक सकुशल तलाश करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के मुताबिक गत 12 जुलाई 2025 को 10 वर्षीय बालक घर से बिना बताए कहीं चला गया था। सूचना मिलते ही माधवनगर पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना में लिया एवं आसपास क्षेत्र में पता किया एवं मुखबिर व विश्वस्त सूत्रों को लगाया गया। पुलिस ने पता लगाया कि वह बालक अपने दोस्त के घर मूवी देखने रात में गया था। 13 जुलाई 25 को माधव नगर पुलिस ने बालक को सकुशल दस्तयाब कर उसे सुरक्षित घर पहुंचाया। पुलिस की इस कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है।

---

### मतवारी हायर सेकेण्डरी स्कूल का मामला, डीईओ ने जांच के दिये निर्देश

# प्रिंसीपल पर टीका मिटवाने एवं ट्रांसफर सर्टिफिकेट ले जाने की बात पर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय स्कूल में एक छात्रा को स्कूल से निकाले जाने की बात ने तूल पकड़। मसला यह था कि छात्रा अपने माथे पर तिलक लगाकर स्कूली पहुंची थी। छात्रा के माथे पर तिलक लगा देख प्रिंसिपल ने पहले तो तिलक मिटवाया और कहा कि ये मंदिर या आश्रम नहीं है। छात्रा ने यह बात परिजन को बताई। मंगलवार को छात्रा की मां उसे लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल पहुंची। उन्होंने प्रिंसिपल रतन भलावे से बात करने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं मिले। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल से शिकायत की। मामला सोमवार को मुरवारी स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल का है।



#### ट्रांसफर सर्टिफिकेट ले जाना

छात्रा ने बताया कि वह रोजाना की तरह सोमवार को भी स्कूल गई थी। सुबह पूजा करके माथे पर चंदन का टीका लगाकर पहुंची थी। इसके बाद प्राचार्य रतन भलावे ने उसे अपने कार्यालय में बुलाया। उन्होंने कहा कि ये मंदिर या आश्रम नहीं है, जहां तुम चंदन टीका लगाकर आओ। इसके बाद प्रिंसिपल के कहने पर तिलक मिटा दिया। छात्रा के मुताबिक तिलक मिटवाने के बाद भी प्रिंसिपल सर का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उन्होंने कहा- कल अपने माता-पिता को स्कूल लेकर आना। ट्रांसफर सर्टिफिकेट ले जाना। आश्रम में एडमिशन करा लेना। हमारे स्कूल से एक बच्ची निकल जाएगी तो हमारा कुछ बिगड़ नहीं जाएगा।

#### कार्यवाही करने की मांग

प्रिंसिपल के इस व्यवहार से छात्रा रोते हुए घर लौट गई। अपने माता-पिता को पूरी घटना बताई। छात्रा के माता-पिता प्रिंसिपल के इस रवैये से बेहद नाराज हुए। उन्होंने प्रिंसिपल रतन भलावे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। छात्रा की मां का कहना है कि हमारी आस्था पर ठेस पहुंची है। ऐसे कृत्य करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकी भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

#### बड़ा की जगह छोटा तिलक लगाने कहा : प्रिंसीपल

इस संबंध में प्रिंसिपल रतन भलावे ने बताया कि बच्ची को क्लास टीचर ने बड़ा तिलक लगाने की जगह छोटा तिलक लगाने के लिए कहा था, जिस पर बच्ची बहस करने लगी। दोनों मेरे पास पहुंचे तो उसे छोटा तिलक लगाने के लिए समझाइश दी। टीसी ले जाने और आश्रम में एडमिशन कराने वाली बात निराधार है।

#### जांच के दिये निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल का कहना है कि मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

## स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए 16 से अतिरक्त सीएलसी चरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए यह अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय वार रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जायेगा। विद्यार्थी रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी 16 जुलाई से प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे तक पंजीयन,विकल्प चयन कर सकेंगे। हेल्प सेंटर द्वारा सायं 4 बजे तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जायेगा और सायं 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट जारी होने के 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न किये जाने की स्थिति में प्रवेश मान्य नहीं होगा। विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा न करने की दशा में, पुनः रीचॉइस करनी होगी। अतिरिक्त सीएलसी चरण की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक ही होगी।

उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठयक्रम (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एमपीएड, बीएड एमएड (एकीकृत तीन वर्षीय ) एवं बी.एल.एड. तथा बी.एड. (अंशकालीन तीन वर्षीय) संचालित करने वाले शा स की य , अ शा स की य महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है।

विद्यार्थी 15 से 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन,आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 15 से 19 जुलाई तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को होगा। विद्यार्थियों के लिए 23 जुलाई को सीट आवंटन किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 23 से 25 जुलाई तक लिंक इनिशिएट कराना होगा।

विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 23 से 26 जुलाई तक करना होगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 26 जुलाई है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा।

---

*बहोरीबंद थाना में दिया गया बचाव एवं मदद का प्रशिक्षण*

## बाढ़ एवं अन्य प्रकार की आपदाओं से बचाव के लिए दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बाढ़ एवं आपदा से बचाने बहोरीबंद थाना में एसडीआरएफ टीम के द्वारा पुलिस स्टॉफ, ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों, ग्राम पंचायत के सरपंच सचिवों सहित आम लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बतलाया गया कि बाढ़ एवं अन्य आपदाओं के समय खुद को सुरक्षित रखते हुए दूसरों को भी सुरक्षित रखा जाये इस पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता के नेतृव्य में टीम के ट्रेनर शंभू सेन, विकास शर्मा, दिनेश विश्वकर्मा व कन्हैयालाल ने बाढ़ के समय खुद की जान बचाने के लाइफ जैकेट के इस्तेमाल व घरेलू सामग्री से लाइफ जैकेट निर्माण करके खुद को 72घंटो



तक जिन्दा रखने का उपाय बताया। ट्रेनिंग मै खाली बोतलों के सहारे, सूखे नारियल के सहारे, घर मे रखें फुटबाल,बाइक या चार पहिया वाहन के टूयूब में हवा भरकर जान बचाने के तरीकों को भी बताया गया। डूबते इंसान को सही तरीके से तैरकर बचाने की तकनीक की भी जानकारी विस्तार से दी गईं। मेघ गर्जना व वज्रपात के दौरान क्या करें ओर कैसे इसके शिकार हुए लोगों की मदद करें इसकी भी जानकारी दी गईं।

प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा ग्रस्त क्षेत्र में सरकारी सहायता पहुंचाने तक लोग खुद के जीवन को कैसे सुरक्षित रख सके इसकी जानकारी देना है, जिससे आपदा काल के समय जान -माल के नुकसान को कम किया जा सके।

जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारी के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशानुसार बहोरीबंद थाना को रबर बोट मय ओबीएम इंजन एवं आवश्यक बाढ़ बचाव सामग्री सुपुर्द की गई। यह संपूर्ण सामग्री थाना प्रभारी बहोरीबंद की अभिरक्षा में सुरक्षित रखी गई है। साथ ही, बहोरीबंद थाना क्षेत्र के पुलिस स्टाफ, ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों एवं स्थानीय तैराकों को उक्त सामग्री के संचालन एवं उपयोग हेतु आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

इस पहल का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत कार्य सुनिश्चित करना है।

---

### विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने शिविर का आयोजन



स्कूलों में अध्ययन कार्य करने वाले विद्यार्थियों को परेशान न होना पड़े स्कूलों में ही जाति प्रमाण पत्र बन जाये इसके लिए बहोरीबंद विकासखंड में विशेष अभियान एसडीएम राकेश चौरसिया के मार्गदर्शन मै आयोजित हो रहा है। मंगलवार को संकुल केंद्र तेवरी मै जाति प्रमाण पत्र बनाने राजस्व व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान मै शिविर आयोजित हुआ। जहाँ संकुल अंतर्गत आने वाले स्कूलों के विद्यार्थियों ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने 233 आवेदन किए। शिविर मै मौजूद अधिकारियो ने जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने को लेकर विद्यार्थियों के आवश्यक दस्तावेज जमा कराते हुए आवेदन फार्म पूर्ण किये। शिविर का निरीक्षण तहसीलदार नेहा जैन ने किया। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह द्वारा संकुल केंद्र बचैया का निरीक्षण किया गया। जहाँ विद्यालय परिसर संचालन पर संतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य महेंद्र राय को यू डाइस फीडिंग, प्रोफाइल अपडेशन, नि :शुल्क साइकिल वितरण शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। शिविर मे अमर सिंह, मनोज गर्ग, सचिन राय, बैसाखू रैदास सहित शिक्षक हल्का पटवारी सुरेंद्र रजक उपस्थित रहे।

---

## जलभराव वाले संभावित नाले-नालियों का निरीक्षण कर कराई जा रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल भराव की समस्या के निराकरण हेतु संभावित नाले-नालियों का रोजाना निरीक्षण कर जमा अवरोध एवं शिल्ट आदि की सफाई कराकर सुगम जल निकासी के प्रयास हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में निगम के सफाई अमले द्वारा मानव एवं मशीनरी संसाधनों के माध्यम से नाले-नालियों की सफाई कराकर सुचारू जल निकासी के प्रयास नियमित रूप से किया जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा शहर के चिन्हित मुख्य बड़े नाले-नालियों की सफाई का कार्य वर्षा ऋतु प्रारंभ होनें के पूर्व ही करा दिया गया था। इसके अतिरिक्त वर्षा के दौरान जाम एवं अन्य अवरोधों के कारण जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े इस हेतु रोजाना नाले-नालियों अवरोधकों की सफाई का कार्य किया जा रहा है।

जलप्लावन की समस्या के निराकरण हेतु सोमवार को वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड क्रमांक 27 रॉयल होम के सामने नाला सफाई, वार्ड क्रमांक 42 में नारायण शाह पैलेस के पास नालियों की सफाई, वार्ड क्रमांक 32 में भट्टा मोहल्ला कॉम्प्लेक्स के पास से दुर्गा मंदिर के पीछे एवं दिलावर खान के घर के सामने की नालियों की सफाई, वार्ड क्रमांक 33 में मोहन सिंह के घर से भीमराव चौक तक नाली सफाई, वार्ड क्रमांक 5 में चंडिका नगर में विभिन्न नालियों की सफाई, वार्ड क्रमांक 22 में स्टेशन चौराहे पर नाली सफाई, वार्ड क्रमांक 23 में चांदनी बजाज के घर के पास नाली सफाई, वार्ड क्रमांक 29 में एलआईसी के आगे नाला सफाई, बी केबिन नाला सफाई ,वार्ड क्रमांक 23 में सिल्वर पॉइंट के सामने एवं अन्य नाले-नालियों में सफाई कराई गई है। इसके साथ ही नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के तहत दैनिक सफाई के दौरान शहर नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गों सहित डिवाइडर, बस स्टैंड परिसर,मिशन चौक, सुभाष चौक, गांधी द्वार, झंडा बाजार, गर्ग चौराहा,सिविल लाइन, एसबीआई तिराहा, जिला चिकित्सालय रोड, आजाद चौक , सेल्फी पॉइंट की सफाई कराई गई।

---

*चोरी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश*

## यात्री का लैपटाप एवं नकदी रूपए चोरी करने वाले बदमाशों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रेल यात्रा के दौरान यात्री का लैपटाप चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जीआरपी और आरपीएफ ने घेरा बंदी कर 24 घंटे के अंदर चोरी हुआ लेपटॉप को चोर सहित पकड़ लिया है। प्लेट फार्म व चलित ट्रेनो, आउटरों में यात्रियों के साथ हो रही चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम एवं पतासाजी हेतु गठित टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी जीआरपी कटनी निरी. एल.पी. कश्यप द्वारा किया जा रहा है। 13.7.25 को फरियादी कौसतुम्भ त्रिपाठी पिता राजेन्द्र मणी त्रिपाठी उम्रक 19 साल निवासी ग्राम रामगढखास थाना लालगंज जिला



प्रतापगढ उ.प्र. का दिनांक 13.07.5 को ट्रेन नं. 11273 प्रयागराज छिव्की से जबलपुर से प्रयागराज छिव्की की यात्रा कर रहा था यात्रा दौरान ट्रेन कटनी से चलने पर सीट पर रखा काले कलर का पिटू बैग जिसके अंदर एसर कंपनी का लैपटाप कीमती 56600/रु एवं नगदी 1000 रु का चोरी होने की सूचना पर अप.क्र.- 836/25 धारा 305(सी) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना की गयी। दौरान विवेचना दिनांक- 14.7.25 को आरोपी रितिक उर्फ बच्चा चौधरी पिता अशोक चौधरी उम्र 22 साल निवासी खिरैहनी फाटक वेंकट बार्ड दीपक किराना के सामने थाना कोतवाली जिला कटनी के कब्जे से चोरी गया एक काले कलर का पिटू बैग जिसके अदंर एक एसर कंपनी का लैपटाप कीमती 56600रु. का मशरुका जप्त कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इसी तरह स्थाई वारंटी आरसीटी नं. 3882/17 अप.क्र. 431/17 धारा 379 ताहि के स्थाई वारंटी सुधीर चौरी पिता राजकुमार चौधरी उम्र 27 साल निवासी बाला पकरिया मैहर जिला मैहर का 08 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

कार्यवाही में निरीक्षक एल.पी. कश्यप, एसआई अनिल मरावी, प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र शर्मा, आकाश शुक्ला, आरक्षक अभिषेक सिंह, सुनील परस्ते, सियाराम, महिला आरक्षक अंजना सिकरवार, प्रिया सिंह की भूमिका रही।

---

### कलेक्टर ने प्रकरणों का निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

## जन सुनवाई ने 180 आवदेकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे 180 आवेदकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई जिला मुख्यालय से लेकर अनुविभाग, तहसील और विकासखंड मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतों में भी आयोजित की गई।

इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति लटोरिया, एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा और डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे।

#### बेटे को नहीं मिल रहा राशन

जनसुनवाई के दौरान विवेकानंद वार्ड निवासी लक्ष्मी। चौधरी ने बताया कि मैं मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करती हूँ। मेरा बेटा आदर्श चौधरी 100 प्रतिशत दिव्यांग है। इस वजह से उसका ई-केवाईसी नहीं हो पा रहा है। ई-केवाईसी न होने के कारण



मेरे बेटे का राशन प्रदान नहीं किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने कनिष्ठव आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला को ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया।

#### मार्कशीट में नाम सुधार करवायें

जनसुनवाई के दौरान बड़वारा निवासी अजय कुमार ने बताया कि मेरा पुत्र अभिजीत कुमार मां शारदा हायर सेकेण्डारी स्कू ल में कक्षा 10 का छात्र है। कक्षा 10वीं की परीक्षा हेतु प्राप्त प्रवेश पत्र में माता का नाम मां दुर्गा देवी के स्थाकन पर दुर्गा चौधरी हो गया है। इसलिए भविष्यत को देखते हुये मार्कशीट आने के पूर्व माता के नाम को सही करवायें। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी को समय-सीमा में नाम सुधार कराने के निर्देश दिए।

#### बीमा की शेष राशि दिलायें

ग्राम पड़वार निवासी चंद्रभान लखेरा ने बताया कि वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटना के कारण मेरी पत्नी बबीता लखेरा का निधन हो गया था। पत्नी0 के मृत्युन उपरांत मुझे दुर्घटना बीमा के तहत 4 लाख रूपये की राशि मिलनी थी। परंतु मेरे खाते में अभी तक 2 लाख रूपये की राशि का ही अंतरण हो सका है। शेष राशि का भुगतान करायें। इस पर कलेक्टतर श्री यादव ने अग्रणी जिला प्रबंधक को शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए।

#### बिजली-पानी उपलब्ध करायें

सतीश कुमार, शिवा पटेरिया, राजेन्द्रि पाठक एवं अन्ये आवेदकों ने आवेदन देते हुये बताया कि नगर निगम द्वारा प्रेमनगर एनकेजे थाना के सामने दो वर्ष पूर्व 170 लोगों को बिना बिजली पानी की व्यमवस्थाा किये ही प्रधानमंत्री शहरी आवास की चाबी सौंप दी गई थी। परंतु, 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी बिजली-पानी का प्रबंध नहीं किया गया है। इस वजह से अत्यंरत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम कमिश्न्र को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

---

### रितिक ने सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान



**कटनी।** रितिक असाटी ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिजनों एवम नगर का गौरव बढ़ाया है। रितिक ग्राम इंद्राना निवासी रामनारायण असाटी एवम अर्चना असाटी के सुपुत्र हैं। रितिक की इस सफलता से परिवार में उत्साह का माहौल व्याप्त है। रितिक के नाना अवसर लाल असाटी एवम नानी श्रीमति मुन्नी बाई असाटी वर्तमान में ग्राम भगनवारा सरपंच , दादी श्रीमती कमला बाई, चाचा श्यामू सुषमा असाटी, भाई हर्षित असाटी, ओम असाटी मामा मामी अजय रिचा असाटी, लकी असाटी, अनि असाटी, समर्थ असाटी, कपिल असाटी, निखिल असाटी,अभिषेख असाटी, टिंकू असाटी,अंकित असाटी मौसी मौसा अनसुइया अमित असाटी , अभिलाषा अशोक असाटी, आरती कुलदीप असाटी ने रितिक की शानदार सफलता पर रितिक को शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### स्लीमनाबाद थाना प्रभारी हुए सम्मानित

**स्लीमनाबाद।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा मंगलवार को स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने स्लीमनाबाद थाना प्रभारी को उनके पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, मेहनत एवं लगन से किये जाने पर दिया गया।



## कहीं बूंद-बूंद को तरस रहे तो कहीं घंटों व्यर्थ बह रहा नर्मदा जल

# नगर परिषद की पुरानी पाइप लाइन से कुएं का गंदा पानी सप्लाई, दर्जनों हुये बीमार

### नगर परिषद के खोखले वादों ने तेंदूखेड़ा को संकट में डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर परिषद की लापरवाही ने तेंदूखेड़ा में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर दिया है। पुरानी और जर्जर पाइपलाइन के कारण कुएं का गंदा पानी घरों में सप्लाई हो रहा है, जिससे दर्जनों लोग बीमार पड़ गए हैं। प्रभावित मरीजों का इलाज जबलपुर के निजी अस्पतालों में चल रहा है। पिछले दिनों से तेंदूखेड़ा के कई वार्डों में पुरानी पाइपलाइन से वार्ड क्रमांक एक में स्थित पुराने कूएँ से गंदे पानी की सप्लाई हो रही थी , जिसमें कुएं का दूषित पानी मिला हुआ है। इस पानी के सेवन से कम से कम एक दर्जन से अधिक लोग पेट दर्द, उल्टी और डायरिया जैसी बीमारियों से पीड़ित हो गए है इसमें बच्चे महिलाओं सहित पुरुष भी सामिल हैं दूषित पानी पीने की वजह से पीड़ित महिला के पति संतोष यादव ने बताया कि नगर परिषद द्वारा दूषित पानी की सप्लाई हुई उसी पानी के सेवन से मेरी पत्नी को उल्टी दस्त हुए तो पहले नगर में ही इलाज कराया मगर आराम नहीं लगा तो जबलपुर लेकर एक निजी अस्पताल आए यहां डॉक्टरों ने मरीज की स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें आईसीयू में स्विफ्ट कर



भर्ती किया गया जहां अभी इलाज चल रहा है उन्होंने बताया तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड * और ४ के बहुत से लोग नगर परिषद द्वारा दूषित जल सप्लाई के कारण दूषित पानी पीने की बजह से जबलपुर के अलग अलग निजी अस्पतालों में दर्जनों से अधिक मरीज भर्ती हैं जिनका इलाज चल रहा है ,,एक स्थानीय निवासी ने बताया, "हमारे परिवार के लोग भी दूषित पानी पीने की बजह से बीमार हुए कभी कभी पानी में बदबू और कीड़े हैं भी



आते हैं , फिर भी नगर परिषद कुछ नहीं कर रही।

### पुरानी पाइप लाइन नाली के कीचड़ में डली

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद ने पुरानी पाइपलाइन को ठीक करने या बदलने की कोई कोशिश नहीं की पाइपलाइन में रिसाव है और उसी लाईन से नाली का गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंचता है जिस दूषित पानी को पीकर लोग बीमारी का शिकार हो रहे साथ ही कुंए के गंदे पानी की सप्लाई कर नगर परिषद सीधे लोगों की जान से खिलवाड़ कर रही है ऐसे में बारिश के मौसम में यह समस्या और भी बढ़ने की आशंका है।

### 35 करोड़ की नर्मदा जल संवर्धन योजना फेल

नगर परिषद लाख वादे करे मगर नप की सभी योजनाएं बंदरबाँट का शिकार होती आरही हैं नगर में *५ करोड़ रुपये से बनी नर्मदा जल संवर्धन योजना भी धरातल पर फेल हो चुकी है इस योजना से करीब 3941 कनेक्शन किए गए हैं मगर आज भी करीब 200 कनेक्शनों में पानी नहीं पहुंच रहा योजना चालू हुए साल भर बीत गया मगर अभी भी नगर परिषद के १२ बोर बेल्स से पानी की सप्लाई की जा रही जिसका करीब ४ लाख रुपये से ऊपर बिजली बिल भी भरा जा रहा है ऐसे में साफ़ नजर आरहा है कि नगर परिषद के आलाधिकारियों द्वारा सीधे शासन के पैसों का बंदरबाँट कर पतीला लगाया जा रहा है।

### कहीं बूंद-बूंद को तरस रहे तो कहीं व्यर्थ बह रहा

एक ओर कई वार्डों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नर्मदा जी का कीमती जल पाइपलाइन के रिसाव से घंटों तक व्यर्थ बहाया जा रहा है नगर परिषद की लापरवाही से यह दोहरा संकट गहराता जा रहा है, जिससे रहवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है।कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति ठप है लेकिन नगर परिषद चुप है नर्मदा जल आपूर्ति पाइपलाइन में रिसाव के कारण सड़कों पर पानी बह रहा है। एक अनुमान के अनुसार, पिछले हफ्ते करीब 30% पानी लीकेज की वजह से बर्बाद हुआ।

### उपयंत्री बोले- मैं तो ख़ुद परेशान हूँ,

नगर परिषद के उपयंत्री भूपेंद्र सिंह से नर्मदा जल संवर्धन योजना से संबंधित जानकारी माँगी और नगर में पानी की समस्या से अवगत कराया तो उपयंत्री बोले अरे साहब मैं तो ख़ुद पानी की समस्या से परेशान हूँ। मेरे यहाँ भी पानी नहीं आता तो टेंकर बुलवाना पड़ता है। जब उनसे बोला आप ही परेशान हो तो नगर की जनता का क्या हाल होगा आप अंदाजा लगा सकते हैं तो उपयंत्री का जवाब रहा आप सही कह रहो नगर परिषद के हाल किसी से छुपे नहीं हैं। अब क्या ही बोलूँ आपसे आप ख़ुद समझते हैं।

### पानी की जाँच रिपोर्ट और नल कनेक्शनों की जानकारी माँगी तो चुप्पी साधी

इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ पीयूष अग्रवाल से बात की तो उन्होंने बताया हमारे तरफ़ से कोई गलती नहीं हुई है जो बीमार हुए हैं उन्होंने कहीं कुछ बाहर का खाया पिया होगा इसलिए बीमार हुए हैं मैंने पानी का टेस्ट करा लिया है सब सही है, मगर जब पत्रकार ने सीएमओ से पूंछा आपने कहाँ टेस्ट कराया पानी का उसकी रिपोर्ट कहाँ है तो सीएमओ साहब बातों को टाल मटोल करते हुए चुप्पी साध गए उनसे नल कनेक्शनों के संख्या पंछी तो भी वह नहीं बता पाए अगर एसे ही नगर परिषद में अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से हटेंगे तो फिर यह कहना गलत नहीं होगा कि नगर परिषद तेंदूखेड़ा अब भगवान भरोसे ही चल रही है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिरी बाइक में सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**अमानगंज।** मंगलवार की शाम लगभग 6:00 बजे एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है जहां पिपरवाह ग्राम के समीप एक तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे मोटरबाइक में सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे डायल हंड्रेड की मदद से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां घायल सूरज पिता स्वामी दीन आदिवासी उम्र 20 वर्ष निवासी खजरी कुंडरा को प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल अत्यधिक शराब के नशे में था जिससे मोटरबाइक अनियंत्रित होकर गिर गई घटना की जानकारी राहगीरों द्वारा डायल हंड्रेड को दी इस पर अमानगंज डायल हंड्रेड स्टाफ आरक्षक सतीश श्रीवास एवं पायलट हरि पटेल ने गंभीरता पूर्वक अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### स्कूटी और मोटर बाइक के बीच भिड़ंत, चार लोग घायल

मंगलवार की शाम 6:30 बजे लगभग अमानगंज पवई मुख्य सड़क मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है इसमें स्कूटी और मोटर बाइक के बीच भिड़ंत हो जाने से चार लोग घायल हो गए हैं जिनमें तीन बच्चियां शामिल है जबकि एक पुरुष भी घायल है प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूटी में सवार आरती पिता राम सैईया उम्र 17 वर्ष भारती पिता राम सैईया उम्र 15 वर्ष एवं कौशल्या पिता लाला उम्र 18 वर्ष निवासी मेनहा जिला मैहर जो अमानगंज बाजार कर घटई जा रही थी वही मोटर बाइक सवार श्रवण पिता कृष्ण कुमार शर्मा उम्र 35 बर्ष निवासी बरसोभा जो पवई साइड से अमानगंज की ओर आ रहा था तभी दोनों स्कूटी एवं मोटर बाइक के बीच भिड़ंत हो गई और इस घटना में चार लोग घायल हो गए वहीं उपस्थित राहगीरों की मदद से चारों को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया जबकि कौशल्या की हालत को गंभीर देखते हुए उसे कटनी के लिए रेफर कर दिया।

## महाआरती का हुआ आयोजन



**दमोह।** बेलाताल स्थित श्री शिव सांई मंदिर में पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार की संध्या पर महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही तदुपरांत सांई मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक एवं मार्गदर्शक स्व. पंडित सुदामा प्रसाद दुबे जी की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। मंदिर के पुजारी कमलेश मिश्रा ने बताया कि अभी सनातन धर्म के पवित्र माह श्रावण चल रहा है। इस माह में भगवान शिव की विशेष आराधना की जाती है जिससे प्रसन्न होकर प्रभु सभी की चिंताओं समस्याओं को दूर करते हैं एवं पुण्य फल प्रदान करते हैं। इस मास शिवलिंग निर्माण कर जलाभिषेक कर भगवान शिव की आराधना की जाती है। इस अवसर पर आलोक गोस्वामी, कपिल दुबे, कपिल सोनी, जागेश्वर बिदौलया, राकेश अग्रवाल, महेश दुबे, अखिलेश दुबे, अविनाश दुबे, अमित राय, संदीप नामदेव, प्रकाश पटेल, विशाल शिवहरे, रमाकांत बाजपेई, राजू नामदेव, भवानी पटेल, संजू पटेल, मृदुल अग्रवाल, सचिन दुबे, अमित अरेले, अभिषेक दुबे, अखिलेश सिंह घोषी, भोला वर्मा, दीपक चौरसिया, सुरेश गोरिल्ला, गजेंद्र ठाकुर, भूपेंद्र शर्मा, ललित गुप्ता, ऋषि सोनी, गुड्डा पटेल, अमित खरे, ईश्वर दास शर्मा, महेंद्र ठाकुर सहित बढ़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## धंसरा ग्रामवासियों को नहीं मिला पीएम आवास का लाभ, न सीसी रोड बनी, न ही शौचालय

**बनवार।** जनपद जबेरा की ग्राम मौसीपुरा के धंसरा गांव के करी मोहल्ला में विकास कार्यों की कमी है। यहां एक भी शौचालय नहीं है, न ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किसी को योजना का लाभ मिला है। गांव में आज तक कभी सीसी रोड भी नहीं बनाई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि वे आज बहुत मुसीबत में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। गांव में किसी के घर एक भी शौचालय नहीं बनाया गया है। अगर किसी गर्भवती को रोड तक ले जाना है तो 2 किलोमीटर पालकी या खटिया पर ले जाना होता है। पानी के लिए आज रहना पड़ता है, नल जल योजना बंद है। ग्रामीण मेघराज सिंह, कडोरी सिंह, विजय सिंह, हेमराज सिंह, कमलेश, काशीराम आदि निवासी लोगों ने समस्त समस्याएं सुनाईं। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं को तुरंत पूर्ण किया जाए। विकास की तो बड़ी बातें होती हैं, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

## अपमानजनक टिप्पणी करने पर सौंपा ज्ञापन



**हटा।** देश के उत्तराखंड में संत रामपाल बाबा के खिलाफ हिमांशु जोशी द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी किए जाने से आक्रोशित बाबा के अनुयायियों ने मंगलवार को हटा थाना पहुंचकर एक ज्ञापन देते हुए हिमांशु जोशी पर मामला दर्ज करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपा गया जिस में बताया उत्तराखंड के हिमांशु जोशी ने सोशल मीडिया के माध्यम से संत रामपाल के खिलाफ एवं उनके अनुयायियों पर अशोभनीय भाषा का उपयोग कर अनर्गल बातें कही जिससे हम सभी की भावनाएं आहत हुई हैं। लगातार धार्मिक भावनाएं भड़काने का कार्य किया जा रहा है। मांग की गई कि उनके द्वारा किए गए सभी पोस्ट सोशल मीडिया से हटाएं जाए एवं गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाएं। ज्ञापन के दौरान एसआई सौरभ शर्मा ने बताया कि मामला जिस थाना क्षेत्र का है वहां मामला दर्ज किया जाएगा यहां पर ज्ञापन सौंप दें हम लोग ज्ञापन को भेज देंगे। पुलिस थाना में ज्ञापन के दौरान सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## ओवर ब्रिज निर्माण कार्य से जमा कीचड़ में फिसल रहे बाइक सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बांदकपुर में श्री जागेश्वर नाथ धाम के पास सेतु निगम द्वारा ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य से आने-जाने वाले भोले के भक्तों और राहगीरों को परेशानी हो रही है। मार्च-अप्रैल में धूल से परेशानी होती थी, अब बारिश के कारण कीचड़ हो गया है, जिससे स्कूटी, दो पहिया वाहन, ऑटो रिक्शा और चार पहिया वाहन फिसल कर गिर रहे हैं। सेतु निगम द्वारा ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य से कीचड़ की समस्या उत्पन्न हुई है। बारिश के कारण कीचड़ जैसे हालात निर्मित हो जाते हैं। भोलेनाथ के भक्तों को सावन के महीने में परेशानी हो रही है और स्थानीय लोगों को भी परेशानी होती है। सेतु निगम को निर्माण कार्य में धूल और कीचड़ की समस्या को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहिए और प्रशासन को इस समस्या का समाधान करने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए।

### सेतु निगम की अनदेखी से खतरे में मजदूरों की सुरक्षा

ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य में सुरक्षा उपकरणों का अभाव देखा जा रहा है। कार्य में लगे मजदूरों को सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जा रहे हैं,



जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में है। सेतु निगम के अधिकारियों की अनदेखी के कारण मजदूरों की सुरक्षा खतरे में है। कार्य में लगे मजदूरों को हेलमेट, दस्ताने और अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों और मजदूरों ने सेतु निगम के अधिकारियों से सुरक्षा उपकरण प्रदान करने की मांग की है। सेतु निगम को कार्य में लगे मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

## जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा ने वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की

**दमोह।** जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा नगर अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी द्वारा वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, जो संगठन को मजबूत बनाने और समाज के हित में काम करने के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है। नियुक्त वार्ड अध्यक्षों की सूची जिसमें मागंज वार्ड नंबर 5 से श्री अभय सिंह राणा, महावीर वार्ड से श्री चंदन सिंह राजपूत, बजरिया वार्ड नंबर 2 से श्री नमन सिंह राजपूत, बड़ी देवी क्षेत्र वार्ड से विक्रम सिंह परिहार विलाई वाले, सिविल वार्ड नंबर 9 से श्री अमित सिंह राजपूत, जबलपुर नाका क्षेत्र वार्ड से श्री सोनू सिंह राजपूत, सागर नाका क्षेत्र वार्ड से श्री कृष्णा राज सिंह गौर, धर्मपुरा वार्ड नंबर 39 के अध्यक्ष श्री युवराज सिंह राजपूत (अमन), मागंज वार्ड नंबर 4 से राज सिंह राजपूत, फुटेरा वार्ड नंबर 2 से विक्रम सिंह राजपूत, फुटेरा वार्ड नंबर 4 से श्री शैलेंद्र सिंह राजपूत, सिविल वार्ड नंबर 8 से अध्यक्ष श्री जोधा सिंह राजपूत को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्तियों के दौरान देवी सिंह राजपूत संरक्षक, अमर सिंह सबइंजीनियर, राकेश सिंह हजारी जिला अध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह उपाध्यक्ष, मन्नू राजा उपाध्यक्ष, बबलू ठाकुर नगर अध्यक्ष, यशपाल सिंह पार्षद विक्रम सिंह नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह राजपूत सुनील ठाकुर महामंत्री, त्रिवेंद्र सिंह युवा अध्यक्ष, राम सिंह पवैया एवं डॉ रवि ठाकुर, महेंद्र परिहार, डॉ महेंद्र सिंह पवैया, यशवंत हजारी जितेंद्र राजपूत, अभिनव गौतम मुख्य रूप से मौजूद रहे। साथ ही हमारे सजातीय बंधु राजा ठाकुर, अमित ठाकुर, नीरज राजपूत, रणवीर हजारी, अनुज परिहार, भरत राजपूत, रानू ठाकुर, पिंकू गौतम, धीरज परिहार, मयंक तोमर, दीपक परिहार, विक्रम गौर, विक्रांत परिहार पदाधिकारी उपस्थित रहे। नियुक्तियों का उद्देश्य नियुक्तियों से समाज के विभिन्न वर्गों में संगठन की पहुंच और प्रभाव बढ़ेगा, और समाज के हित में काम करने के अवसर प्राप्त होंगे। जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा समाज के हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और इन नियुक्तियों से संगठन को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

## एसडीएम ने बाढ़ आपदा दल का किया गठन

**दमोह।** जिले की तहसील तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामीण क्षेत्रो में वर्षा ऋतु के दौरान संभावित बाढ़, जलभराव, अतिवृष्टि एवं अन्य प्राकृति आपदाओं की गंभीर आशंका को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौरभ गंधर्व ने जन धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रभावी कार्यवाही हेतु तहसील कार्यालय के हेल्प डेस्क कक्ष जिसका टोल फ्री नंबर 9993799310 है, में बाढ़ आपदा दल का गठन करते हुये नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी तेजगढ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेशानुसार गठित दल में ग्राम सचिव शोभा सिंह लोधी, पूरन सिंह लोधी, राम कुमार पाल, भूपत प्रसाद यादव, वकील प्रसाद अहवासी, लक्ष्मण सिंह लोधी, सरन पाल, मदन सिंह, दशरथ सिंह लोधी, राजेश अहिरवार तथा ग्राम रोजगार सहायक मोहन कुर्मी, संजय कुमार मिश्रा, रमेश सिंह , योगेश कुमार दुबे, विजय गौंड, अश्विनी कुमार, जितेन्द्र कुमार पाल, गुड्डा यादव, झामसिंह लोधी जोगेन्द्र कुमार लुहार, रघुनंदन साहू, माधव प्रसाद यादव,कोमल यादव, बृजेश सिंह, नरेंद्र कुमार यादव, चैन सिंह, रामकिशन यादव, गोकलचंद जैन, नरेश यादव की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा है गठित दल अपने ड्यूटी समय पर उपस्थित होकर तहसील क्षेत्र में आपदा, होने घटनाओं की जानकारी अपने नोडल अधिकारी को देना सुनिश्चित करेगें।

## घर-घर हो रहा रुद्राभिषेक पूजन



**बनवार।** श्रावण माह भगवान शिव की पूजा और आराधना के लिए विशेष महत्व रखता है जिसके चलते बनवार ग्राम भगवान शिव की भक्तिमय हो चला है ग्राम में वरिष्ठ पत्रकार श्री मनोहर शर्मा के निवास पर चल रहे दो दिवसीय रुद्राभिषेक पूजन के रुद्राभिषेकपूजन का महत्व बताते हुए पंडित ऋषिकांत गर्ग ने बताया इस माह में रुद्राभिषेक करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। रुद्राभिषेक का अर्थ है भगवान शिव का जलाभिषेक करना, जिससे उनकी कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। रुद्राभिषेक के लिए विभिन्न पदार्थों का उपयोग किया जाता है, जिनमें से प्रत्येक का अपना विशेष महत्व और फल होता है। जल से रुद्राभिषेक करने से वर्षा और सुख-शांति की प्राप्ति होती है, दूध से स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्राप्ति होती है, दही से वंश वृद्धि और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है, घी से शक्ति और तेज की प्राप्ति होती है, शहद से धन और समृद्धि की प्राप्ति होती है, और गन्ने के रस से सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। यह पूजा कुंडली में मौजूद दोषों को दूर करने और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए भी की जाती है। श्रावण माह में रुद्राभिषेक करने से विशेष फल प्राप्त होता है और भगवान शिव की कृपा से जीवन में सभी सुखों की प्राप्ति होती है।

## जिलां पंचायत में कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक सम्पन्न

**दमोह।** सीईओ जिला पंचायत दमोह प्रवीण फुलपगारे की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार मे एक बगिया माँ के नाम परियोजना अंतर्गत जिला एवं विकासखण्ड़ की कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत श्री फुलपगारे ने अब तक किए गए कार्य की प्रगति को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक विकासखण्ड से 100 पात्र हितग्राहियों का चयन 22 जुलाई तक कर सूची जनपद पंचायतों को भेजने कहा। बैठक में पीओ मनरेगा अभिलाषा शुक्ला ने बताया पात्र हितग्राहियों का चयन सीपरी एप के माध्यम से कराया जायेगा। आजीविका मिशन की कृषि सखियों के द्वारा हितग्राहियों से संपर्क कर परियोजना की प्रगति की देखरेख एवं आवश्यक सहयोग ग्राम स्तर पर कराया जायेगा। बैठक में समस्त विकासखण्डों से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र ड़ॉ मनोज अहिरवार, सतीश शर्मा, आजीविका मिशन के समस्त विकासखण्ड़ प्रबंधक, समस्त जनपद पंचायत के एई, समस्त जनपद पंचायत के एपीओ मौजूद रहे।

## लघु उद्योग भारती एवं जैन मिलन प्रमुख शाखा ने संयुक्त रूप से किया वृक्षारोपण



**दमोह।** लघु उद्योग भारती दमोह इकाई एवं भारतीय जैन मिलन प्रमुख शाखा दमोह द्वारा संयुक्त रूप से मनसुख फ़ूड प्रोडक्ट इंडस्ट्री एरिया में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती मीना मशराम अपर कलेक्टर दमोह ने कहा माननीय प्रधानमंत्री के संदेश को याद कर एक वृक्ष मां के नाम सभी को लगाना चाहिए वृक्ष लगाना ही पर्याप्त नहीं है उसकी सुरक्षा भी करना चाहिए ताकि वह अपना पूर्ण जीवन पा सके कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ मलैया ने कहा कि मिशन ग्रीन के तहत दमोह में हजारों वृक्ष लगाए जा रहे हैं एवं वहां उपस्थित आईपीएस स्कूल के बच्चों को संदेश दिया कि प्रत्येक बच्चे को एक वृक्ष अवश्य लगाना है चाहे वह स्कूल में लगाए या घर में लगाए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती मीना मशराम अपर कलेक्टर दमोह, विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ मलैया युवा नेता, राकेश अग्रवाल अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन , सुधीर सिंघई अध्यक्ष श्री दिगंबर जैन पंचायत, मुकेश जैन मम्मा अध्यक्ष जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा सेवंत जैन गुजराती अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, स्वयंसेवक समिति दमोह से पंकज अरोरा आलोक खरे संदेश चौधरी,सचिन्द्र जैन की उपस्थिति के साथ भारतीय जैन संगठन से सत्येंद्र जैन, जैन मिलन प्रमुख शाखा से मंत्री संजीव शाकाहारी , सुधीर डब्ल्यू राजेश ओसो, सवन सिल्वर ,सन्दीप अभाना संतोष अविनाशी राकेश हरदुआकी उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन सुमित आर्जव ने किया एवं मंगलाचरण अदिति जैन गुंजन राजपूत ने किया।

## भारतीय जैन संघटना के राष्ट्रीय नेतृत्व की संवाद यात्रा के तहत बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जैन संघटना (बीजेएस) के राष्ट्रीय नेतृत्व की संवाद यात्रा के तहत दमोह के जैन पंचायत भवन में जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि बीजेएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर साँखला तथा अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय महासचिव

पंकज चोपड़ा, राष्ट्रीय सचिव श्री दीपक चोपड़ा,राज्य महासचिव डॉओ विमल जैन की उपस्थिति रही। डॉ० सत्येन्द्र जैन जिला



अध्यक्ष बीजेएस ने भारतीय जैन संघटना के उद्देश्य, कार्य और आगामी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री साँखला ने दमोह जिले के समाजसेवी कार्यों से जुड़े पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते परिवेश के अनुसार आज के समय की मांग है, बच्चों को शुरुआत से ही रहन सहन, शिक्षा और संस्कार देकर यशस्वी बनाने का हुनर पैदा करने के लिए हम सब को प्रयास करना है, साथ ही बेटियों को सक्षम बनाना है, स्मार्ट गर्ल्स कार्यक्रम के माध्यम से अभी तक हम 16 लाख से अधिक बेटियों को सक्षम बना चुके है, बीजेएस पिछले 40 वर्षों से बिना किसी रोक टोक के कार्य कर रही हैं, यदि अपेक्षा से अधिक ज्ञान मिलेगा तो वो हमसे जुड़ेगे। आज के समय में उच्च योग्यता धारियों के साथ सबसे बड़ा संकट पैदा हो रहा हैं पीढ़ी अंतराल और परिवार बिखराव के मामले बढ़ रहे हैं हम परिवार के महत्व के साथ बिखराव को रोक सकते है। मूल्य संवर्धन और जल संवर्धन के माध्यम से महाराष्ट्र और गोवा राज्य में सरकार के साथ काम किया और उनके सकारात्मक परिणाम आए जिसे केंद्र सरकार ने भी स्वीकार किया, बीजेएस के कार्यों से किसान खुशहाल हुए, देश की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ। विकसित भारत के निर्माण में हमे सशक्त संवाद और सक्षम नेतृत्व के माध्यम से अपनी भूमिका का निर्वहन भी करना हैं जिससे एक खुशहाल भारत का निर्माण हो सके। राष्ट्रीय सचिव दीपक चौपड़ा ने बताया कि विपदा के समय बी जे एस ने सभी धर्म के लोगों के लिए जनकल्याण के कार्य किए 1993 में लातूर और 2001 में गुजरात में आए भूकंप के समय बी जे एस ने अनेकों काम किए। डॉ० विमल जैन ने कहा कि हम सब को जल, पशु पक्षी को बचाने के लिए और भावी पीढ़ी को शिक्षित और सुरक्षित रखने के लिए सार्थक प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर दमोह जिले के भारतीय जैन संघटना (BJS) के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ भी दिलाई गई। पंकज चौपड़ा ने कहा कि प्रत्येक गांव में चेप्टर के माध्यम से जनहित के कार्य करना है।

इस अवसर पर दमोह जिले के भारतीय जैन संघटना (BJS) के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ भी दिलाई गई।

### 247 आवेदनों पर सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गऐ निर्देशों के तहत सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 247 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 60 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 30 आधार कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी बात व समस्याएं रखी। इसी प्रकार कुछ सामूहिक आवेदन भी दिये गये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 जुलाई को

**दमोह।** पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 जुलाई को जिला पंचायत समाकक्ष में दोपहर 02 बजे से आयोजित की गई है, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने सभी संबंधितो से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### 17-18 जुलाई को समस्या समाधान आयोजन

**दमोह।** दमोह जिला के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों का जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कटनी द्वारा अवगत कराया गया है कि पी.सी.डी.ए पेंशन प्रयागराज द्वारा बत्रा ऑडीटोरियत, हेड क्वाटर1 एस.टी.सी जबलपुर (म.प्र.) में 17 एवं 18 जुलाई 2025 सुबह 10 बजे से रक्षा पेन्शन समाधान आयोजन किया जा रहा है, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी नें सभी भूतपूर्व सैनिक एवं विधवाएँ, जिनको पेंशन सम्बंधित कोई भी समस्या है, वे पेंशन सम्बंधित दस्तावेज समेत उक्त आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है। अधिक जानकारी के लिये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कटनी के दूरभाष नं. 07622-223144 पर संपर्क किया जा सकता है।

### ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन

**दमोह।** राज्य निर्वाचन द्वारा आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) मतदान क्षेत्र क्रमांक 16 के गैसाबाद के लिए नियुक्त किए गए प्रेक्षक अशोक कुमार व्यास और उप निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम की उपस्थिति रिटर्निंग अधिकारी हटा कार्यालय में द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न हुआ। सभी 09 मतदान केंद्रों के लिए किस कंट्रोल यूनिट के साथ कौन सी बेलेट यूनिट जाएगी का निर्धारण हुआ। इस दौरान मतदान प्रक्रिया में आए बदलावों से उपस्थित सभी पांचों अभ्यर्थियों को मास्टर ट्रेनर माधव पटेल और मुकेश गूजरे ने परिचित कराया एवं उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं को दूर किया। संपूर्ण प्रक्रिया में में रिटर्निंग अधिकारी हटा राकेश सिंह मरकाम, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन मौजूद रहे।

### मरम्मत के नाम पर खर्च हुए लाखों रुपये, मगर स्कूलों की हालत जस की तस

# छात्रों के सिर पर टपकती छत, दीवारों में दरार शिक्षा नहीं जर्जरता का पाठ पढ़ा रहे स्कूल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शिक्षा का मंदिर अब जर्जर दीवारों और टपकती छतों के बीच संघर्ष के केंद्र बन चुके हैं। हटा विकासखंड में 214 स्कूल भवन है जिसमें से 49 माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय की हालत ऐसी है, मानो वर्षों से इन्हें देखना प्रशासन ने छोड़ दिया हो। लगातार बारिश से स्कूलों की छतें टपक रही हैं, दीवारें दरक रही हैं और छतों से प्लास्टर गिर रहा है। स्कूल भवनों की यह स्थिति न केवल बच्चों की पढ़ाई में बाधक है, बल्कि एक दिन कोई बड़ा हादसा हो जाए, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। यहां पहली से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं एक ही परिसर में संचालित हो रही हैं। जिसमें हम विकासखंड की वनांचल क्षेत्र के रजपुरा संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले स्कूल प्राथमिक शाला सिलापरी मैं तो बारिश के दौरान बच्चे स्कूल में ही नहीं बैठ पाते पूरा स्कूल परिसर तालाब मैं तब्दील हो जाता है पूरा भवन ही जर्जर है। इसके अलावा एकीकृत साला दमोतीपुरा, एमएस ढूला, एमएस चौरईया, घोघरा के अलावा जुनेरी शाला मैं तो एक ही कमरे में पांच कक्षाएं संचालित हो रही है। बिलारी स्कूल में कक्षा 5वीं की छात्रों ने बताया कि छत से पानी टपकता है, किताबें और कॉपियां भीग जाती हैं, वहीं खिड़कियां गिर चुकी हैं और प्लास्टर भी टूटकर सिर पर गिरने की आशंका बनी रहती है। आखिर हम पढ़ाई करें या खुद को बचाएं।

#### दिखावे की मरम्मत

बिलारी स्कूल के प्रधान अध्यापक गनेश रैकवार ने बताया कि मरम्मत की मांग को लेकर बीते वर्षों में कई बार विभाग को पत्र लिखा गया लेकिन मरम्मत कार्य के लिए राशि स्वीकृत नहीं की गई। वही दमोतीपुरा स्कूल मैं राशि स्वीकृत की गई थी जिसे ग्राम पंचायत सचिव सरपंच द्वारा राशि आहरण कर ली गई लेकिन मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। इसके अलावा कुछ स्कूलों में पिछली बार जो मामूली राशि मरम्मत के नाम पर मिली थी, उससे कुछ वर्गों में सतही काम कर खानापूर्ति कर दी गई, लेकिन वास्तविक समस्या जस की तस बनी रही। अब लगातार हो रही बारिश ने भवन की कमजोरी को और उजागर कर दिया है।

#### शासन को जानकारी, अनहोनी का इंतजार

इन स्कूलों के अभिभावकों ने बताया कि शासन-प्रशासन को आवेदन के माध्यम से कई बार अवगत कराया गया है। गांव में आयोजित शिविर में भी पूरी रिपोर्ट मरम्मत की मांग सोपी थी। विभाग के अफसरों को फोन, पत्र और प्रत्यक्ष रूप से जानकारी दी गई, फिर भी आज तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। क्या शासन किसी बड़ी अनहोनी के बाद ही जागेगा। यह सबसे हैरानी की बात है कि हटा विकासखंड में हर वर्ष स्कूल मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। कागजों में स्कूलों की रंगाई-पुताई, प्लास्टरिंग, छत की मरम्मत और क्लासरूम की साज-सज्जा हो चुकी होती है, लेकिन जमीनी सच्चाई इतनी भयावह है कि छात्र-छात्राएं हर रोज जान जोखिम में डालकर कक्षाएं अटेंड कर रहे है। प्रश्न उठता है कि यदि करोड़ों रुपये मरम्मत में खर्च हो रहे है, तो फिर ये जर्जर दीवारें और टपकती छतें किसकी जवाबदेही है

#### जमीनी हकीकत में दम घुट रहा है

जहां एक ओर सरकार शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की बात करती है. डिजिटल क्लास और स्मार्ट स्कूलों के दावे करती है. वहीं दूसरी ओर इन सरकारी स्कूलों में छात्रों को गीली जमीन पर बैठकर, सिर पर प्लास्टिक की थैली रखकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।

# अभिषेक जैन का पीएससी में चयन, 38वां स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के छोटे से गांव बिलाई (बनगांव) के सामान्य परिवार के बेटे अभिषेक जैन (बिट्टू) ने एक बार पुनः गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। वर्ष 2020 में नेट में 99.38 पर्सेंटाइल के साथ संपूर्ण भारत में 106 वें स्थान पर आने के बाद पुनः एमपीपीएससी की असिस्टेंट प्रोफेसर हेतु आयोजित परीक्षा में 38वीं रैंक हासिल कर अपना चयन असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए सुनिश्चित किया है। दमोह जिले के गौरव में एक ओर नाम सम्मिलित हुआ, जिसमें जैन समाज को गौरवान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ । समाज के सामान्य वर्ग में अनेक प्रतिभाएं छुपी हुई है जिन्हें समाज के प्रयासों से ओर अधिक संख्या में निखारा जा सकता है। स्वयं के ओर सामान्य परिवार के संघर्ष भरी कठिनाइयां इस प्रतिभा को निखरने से नहीं रोक पाए, प्रतिभाएं किसी साधन की मोहताज नहीं होती , फिर भी समाज की बहुत सी प्रतिभाएं संघर्ष के बोझ तले दबकर प्रकाशित नहीं हो पाती है। इस बच्चे ने संघर्ष पूर्ण जीवन के बावजूद अपनी प्रतिभा को साकार रूप दिया है। जैन समाज को इस गौरव को आधार बनाकर आने वाले समय में समाज में छुपी प्रतिभाओं को आगे आने में सार्थक भूमिका निभाने की आवश्यकता है। इस उभरते हुए दीप्तिमान सितारे को परिवार के वरिष्ठ जन बिलाई परिवार दमोह धरमचंद जैन (बड़े पापा), मुकेश जैन (चाचा)सहित जयकुमार जैन, संतोष जैन अशोक जैन राजेश जैन (कुढ़ई परिवार)दमोह, विजय जैन, मनोज जैन (बिलाई), दीपक जैन, डॉ अमित जैन दमोह , वीरेंद्र जैन शिक्षक, महेंद्र दीपमाला चंदेरिया, देवेंद्र जैन, दीपक जैन, चक्रेश जैन एवं सकल जैन समाज ने इस परिवार के संघर्ष की सराहना करते हुए अभिषेक जैन (बिट्टू)बिलाई को बहुत बहुत बधाई के साथ उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

# गैसाबाद संकुल के दर्जनों स्कूलों में नहीं है विद्युत व्यवस्था, छात्र होते हैं परेशान



**गैसाबाद।** एक और जहां प्रदेश सरकार शिक्षा विभाग पर पानी की तरह पैसा बहा रही है वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचल के स्कूलों में विद्युतं एवं पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं से छात्र वंचित है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम गैसाबाद के प्राथमिक हरिजन टोला स्कूल जिसमें कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाओं में 69 छात्रों की संख्या दर्ज हैं। यह स्कूल गांव से बाहर बना हुआ है यहां पर विद्युत व्यवस्था नहीं होने से छात्रों को गर्मी के मौसम में बहुत परेशानी होती है। यहां पर स्वच्छ पानी की भी व्यवस्था नहीं है। जबकि स्कूल प्रबंधक द्वारा विद्युत व्यवस्था के लिए सहायक अधीक्षक यंत्री (AE ) एवं स्थानीय विधायक को भी लिखित में आवेदन देकर विद्युत व्यवस्था कराए जाने की मांग की गई थी। प्रधान अध्यापक अरविंद नगरिया ने हरिभूमि को बताया कि हमारे स्कूल में विद्युत व्यवस्था नहीं होने से छात्रों को बहुत असुविधा होती है एवं शिक्षण कार्य भी प्रभावित होते हैं। इसी तरह प्राथमिक शाला वासन, प्राथमिक शाला महुआखेड़ा, प्राथमिक शाला बिछुआ छक्का, प्राथमिक शाला संजय नगर जैसे अनेक स्कूलों में आज भी विद्युत व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। स्कूलों में विद्युत व्यवस्था नहीं होने से जहां गर्मी के मौसम में छात्रों को शालाओं में बैठने में आसुविधा होती है वहीं दूसरी ओर पर्याप्त प्रकाश नहीं होने से बरसात के दिनों में जहरीले जीव जंतुओं का भी खतरा बना रहता है, ग्रामीण अंचल के स्कूलों में अध्यरात छात्रों ने शासन प्रशासन से शालाओं में विद्युत व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# गरीब विकलांग महिला को नहीं मिल रहा लाडली बहना, विकलांग पेंशन आदि योजनाओं का लाभ

### जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि को गरीब महिला ने बताई समस्या, शीघ्र निराकरण कराए जाने का दिया आश्वासन



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मौसीपुरा के ग्राम धंसरा निवासी एक गरीब विकलांग महिला को लाडली बहना, विकलांग पेंशन योजना सहित शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है जिससे गरीब विकलांग महिला अत्यंत परेशान है। जिसने अपनी व्यथा जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह को सुनाई जिस पर उन्होंने अधिकारियों से बात कर समस्या का शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया। ग्राम धंसरा निवासी शारदाबाई पति दशरथ सिंह लोधी उम्र 42 वर्ष पूरी तरह से विकलांग है अपने पैरों पर खड़ी भी नहीं हो पाती है और घिसट कर चलती हैं। इतना ही नहीं महिला के पति दशरथ सिंह बीमार रहते है जो मजदूरी करने के लायक भी नहीं है।ऐसी महिला के साथ ग्राम के क्योयस्क संचालक ने बड़ी लापरवाही करते हुए विकलांग गरीब महिला को लाडली बहना योजना से वंचित कर दिया। शारदबाई ने बताया कि उसने संचालक को लाडली बहना के कागज दस्तावेज दिए थे लेकिन उसने जमा नहीं किया। इसलिए लाडली बहना योजना का लाभ उसको नहीं मिल रहा है। इतना ही नहीं विकलांग पेंशन जो उसे मिल रही थी वह भी क्योस्क संचालक ने कमीशन के लालच में उसका बीमा कर दिया। इसलिए अब वह भी उसको नसीब नहीं हो रही है। विकलांग महिला शारदा बाई का परिवार झोपड़ी में रहता है आवास भी नहीं मिला और शौचालय भी अभी तक नहीं बना है। मंगलवार को जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह के ग्राम पहुंचने पर महिला ने अपनी समस्या उन्हें बताई। जिस पर उन्होंने शौचालय के लिए तुरंत ब्लॉक कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र रजक से संपर्क कर ऑनलाइन आवेदन करवाया एवं शीघ्र ही शौचालय की राशि दिलवाने का आश्वासन दिया एवं बैंक से बीमा को बंद करवाने के लिए आवेदन देने की बात कहते हुए शासन की योजनाओं का शीघ्र लाभ दिलाये जाने का आश्वासन दिया। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने जिला प्रशासन से अपील की है कि गरीब विकलांग महिला की बहुत ही दयनीय हालत है जिसे शीघ्र ही शासन की योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि यह गरीब परिवार अपना भरण-पोषण सुचारू रूप से कर सके।

# धान का रोपा धो रही महिला पर मगरमच्छ ने किया हमला, हालात गंभीर, इलाजरत



**तेन्दूखेड़ा/झलौन।** जिले के ब्लॉक तेंदूखेड़ा अंतर्गत ग्राम झालौन में मंगलवार को खेत के समीप निकले नाले में धान के रोपे को साफ कर रही एक महिला पर नाले से निकले मगरमच्छ ने हमला कर दिया। जानकारी अनुसार ग्राम के गुबरा हार के पास सुबह करीब 11 बजे ग्राम निवासी संतोषरानी पति कोमल अहिरवार 48 वर्ष अपने खेत में धान का रोपा लगाने से पहले नाले में रोपे को धोने गई। इसी दौरान बहते गुबरा नाले में छिपा बैठे मगरमच्छ ने अचानक उस पर हमला किया और अपने जबड़े में महिला के हाथ को जकड़ते हुए उसे पानी में खींच कर ले जाने का प्रयास करने लगा। महिला की चीख सुनकर खेत में ही मौजूद उनके पुत्र कालीचरण अहिरवार और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और महिला को छुड़ाने का प्रयास किया। महिला को बचाने के लिए उसका बेटा और ग्रामीण भी पानी में कूद गए और उन्होंने मगरमच्छ पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिया। लोगों की भीड़ और हमले से डरकर मगरमच्छ ने महिला को छोड़ दिया और नाले की गहराई में चला गया। इस दौरान महिला भी करीब 3 फीट पानी में घायल अवस्था में पड़ी हुई थी जिसे लोगों ने बाहर निकाला। घटना में महिला को हाथों में गंभीर चोटें आने के चलते उपचार के लिए तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जिले में मगरमच्छ के हमले की घटनाएं बढ़ने लगी है। दरअसल व्यारमा नदी में बनाए गए बांध और पानी ठहराव के चलते इसमें मगरमच्छों की आबादी बढ़ने लगी है और इनके हमले जानलेवा होने लगे है। वन परिक्षेत्र अधिकारी झलोन सतीश मसीह का कहना हे पीड़ित महिला को तत्काल सहायता राशि दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। मगरमच्छ को पकड़ने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे है।

# आमरण अनशन पर बैठा पीड़ित की बिगड़ी तबियत



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 के निवासी लक्ष्मण रैकवार आज वार्ड 12 में फैली अव्यवस्थाओं के खिलाफ तारादेही तिगड्डे पर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं जिसके बाद दोपहर में तबियत बिगड़ गई लेकिन वो अपने अनशन से नहीं उठे उन्होंने कहा कि अनशन पर बैठने से पहले ही इसकी सूचना एसडीएम एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी तेंदूखेड़ा को दिनाक27जून को पत्र के माध्यम से दे दी गई थी। जिसमें उन्होंने वार्ड की समस्या का विवरण किया था और समाधान नहीं होने पर आमरण अनशन पर बैठने की बात कही गई थी। दरअसल वार्ड में स्टेट लाइट कहि कहि है।सड़के नही है बिजली के पोल बहुत दूर दूर है जिससे सर्विष लाइन खीचने में बड़ी दिक्कत होती है। नाली नही होने के कारण बारिश के दिनों में लोगों के घरों में पानी भर गया था। इसके साथ ही 3-4 फिट पानी घरों के सामने भरा रहता है जिससे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है छोटे छोटे बच्चों को ज्यादा दिक्कत होती है। कई घरों के ऊपर से 11 के वी की लाइन गुजरी है जो घरो को छूती है ऐसी बहुत सारी समस्याए को हल करने की मांग को लेकर आमरण अनशन किया जा रहा है। लक्ष्मण रैकवार ने बताया है कि यह मांगे मेरे लिए नही है बल्कि जनहित से सम्बंधित है हम लोगो को पांच वर्ष से अधिक हो गया है। इन्ही सब समस्याओ को लेकर आवेदन देते हुए कोई नतीजा नही निकला इसलिए आज आमरण अनशन पर बैठकर शासन प्रशासन समस्या को दूर करने की बात रखी है लक्ष्मण रैकवार ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नही होती है तब तक मेरे द्वारा आमरण अनशन किया जाएगा। इस संबंध में जब तेन्दूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व से बात करने फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ पीयूष अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा 15 दिन पहले ही नायब तहसीलदार के साथ मौके पर गया था लेकिन वहां लगानी जगह होने के कारण अभी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है ।अगर जमीन दाता दानपत्र के माध्यम से जगह को नगर परिषद को दे दें तो वहां पर निर्माण कार्य कराया जा सकता है। वहीं अभी नगर परिषद द्वारा कुछ मुरम आदि का कार्य कराया गया है।

# पेपरलेस चुनाव से कम खर्च एवं पोलिंग पार्टियों के समय में होगी बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आगामी 22 जुलाई को जिले की गैसाबाद जनपद सदस्य क्रमांक 16 के उपचुनाव के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा समय समय पर चुनाव प्रक्रिया में नए नवाचार किए जाते हैं, इस बार उपचुनाव पेपर लेस कराने की तैयारी की गई है। इसमें कम खर्चे एवं पोलिंग पार्टियों के समय में बचत की उम्मीद की जा रही है। चुनाव के लिए नियुक्त प्रेक्षक अशोक व्यास, उप-जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम एवं रिटर्निंग अधिकारी हटा राकेश मरकाम की उपस्थिति में प्रशिक्षण के दौरान पेपर लेस चुनाव के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मीना मसराम ने बताया हटा के जनपद सदस्य 16 के चुनाव को नई व्यवस्था में परीक्षण करने के लिए ही चुना गया है। चर्चा के दौरान बताया गया कि इस नई व्यवस्था में मतदाता पूर्व के अनुसार ही मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करेगा। मतदान दलों के अधिकारी जो प्रक्रिया का पालन करते थे वह पेपर लेस तरीके से लैपटॉप और अन्य उपकरणों द्वारा करेंगे। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम राकेश मरकाम ने बताया कि पहले मतदान दलों में चार अधिकारी नियुक्त होते थे। इस बार तीन अधिकारी ही नियुक्त किए गए हैं। पूर्व चुनाव में मतदान दलों के अधिकारियों- कर्मचारियों को दो दिन पूर्व सामग्री वितरण स्थल पर पहुंचना पड़ता था दिन भर श्रम कर सामग्री लेकर शाम को मतदान केंद्र पहुंचना पड़ता था। सामग्री जमा करने फिर से वितरण स्थल पर पहुंचना पड़ता था । अब इस पूरी प्रक्रिया से छुटकारा मिलेगा।

मास्टर ट्रेनर माधव पटेल ने बताया इस बार मतदान दलों की पार्टियां सीधे मतदान केंद्र पर एक दिन पहले शाम को पहुंचेगी, उन्हें अपने साथ कोई सामग्री लानी ले जानी नहीं पड़ेगी। सेक्टर प्रबंधन दल मतदान केंद्र पर सीधे पहुंचकर सामग्री देंगे एवं जमा करेंगे, जिससे मतदान दलों को लाने ले जाने में होने वाला व्यय और समय की बचत होगी। मतदाताओं को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ के माध्यम से प्राप्त पर्ची लेकर मतदान केंद्र में उपस्थित होगा मतदान दल लैपटॉप मतदाता सूची से मिलान करेगा मिलान होते ही मतदान केंद्र पर लगाई गई एलईडी में मतदाता का फोटो और उसकी जानकारी दिखने लगेगी जिसके कारण उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त पोलिंग एजेंट सत्यापन कर सकेंगे। यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होगी तो यह प्रक्रिया आगे बढ़ते हुए मतदान की अन्य प्रक्रियाओं को पूरा कराते हुए मतदाता के हस्ताक्षर अंगूठे का निशान इलेक्ट्रॉनिक तरीके से ही लगाए जाएंगे। किसी भी प्रकार के कागज, स्याही का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके बाद प्रक्रिया अनुसार अगले मतदान अधिकारी के पास जाएगा जहां अमिट स्याही लगाकर बेलेट जारी किया जायेगा। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर मुकेश गुजरे ने बताया कि मतदान सुबह 7:00 से दोपहर 3:00 बजे तक होगा,, इसके पहले सुबह 6:00 बजे माक पोल की प्रक्रिया अन्य चुनाव की भांति ही संपन्न कराई जाएगी। ईव्हीएम से मॉकपोल करके पूर्व अनुसार एजेंट के सामने प्रदर्शित की जाएंगी।

## दमोह में सेंस आईकॉन सारिका ने समझाया पेपरलेस इलेक्शन

**दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की जागरूकता गतिविधियों की सेंस आईकॉन सारिका घारू ने दमोह के विभिन्न स्थानों पर लोकनृत्य, पपेटशो , पोस्टर प्रदर्शनी जैसे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । आयोग के कमिश्नर श्री मनोज श्रीवास्तव एवं सचिव श्री अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन तथा कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में सारिका घारू ने पंचायत उपचुनाव के बारे में बताया कि पेपरलेस इलेक्शन की इस नवीन चुनावी प्रक्रिया में रिपोर्टिंग और मेनेजमेंट के अंतर्गत 26 प्रपत्रों को एक कम्प्रहेंसिव ई बुकलेट में परिवर्तित करके लैपटॉप और टैबलेट का उपयोग करके रियल टाईम डाटा एंट्री की जायेगी जिससे एक्यूरेसी और इफिसियेंसी में सुधार होगा । डाटा संग्रहण और विष्लेषण के लिये मतदान के समस्त डाटा को डिजिटल रूप से कैप्चर किया जायेगा । एक प्रश्न के उत्तर में सारिका ने बताया कि इंटरनेट बाधित होने पर सिस्टम ऑफलाईन मोड में स्विच हो जायेगा और जैसे ही इंटरनेट उपलब्ध होगा यह डाटा ट्रांसमिट करने लगेगा । आयोग की अवर सचिव संजू कुमारी ने कहा कि यह मतदाता के अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करेगी । इससे चुनाव अधिक पारदर्शी , सुलभ और विश्वसनीय बनेंगे। यह चुनावी प्रकिया में आमूलचूक परिवर्तन लायेगी । इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मेनेजमेंट सिस्टम से होने जा रहे लाभ - पेपरलेस प्रक्रियायें पर्यावरणीय नुकसान को कम कर सकेंगी । इससे परिवहन लागत और अन्य सामग्री की जरूरत में कमी आयेगी । मतदान कर्मियों को कम समय काम करना होगा । कम मतदान कर्मियों की आवश्यक्ता होगी । डिजिटल प्रक्रियाओं से मानवीय त्रुटि कम होगी । रियलटाईम वोटर टर्नआउट , इलेक्ट्रानिक वोटर आइडेंटिफिकेशन और ऑटोमेटेड डाटा शेयरिंग से विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। इस जागरूकता कार्यक्रम मेंआयोग के अधिकारी प्रियंका त्रिपाठी उपस्थित थीं ।



# गिरनाथ पर्वत की पांचवी टोंक को संरक्षित करने गुजरात सरकार के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



भारतीय जैन मिलन के केंद्र एवं क्षेत्र क्रमांक 10 के निर्देशानुसार गुजरात सरकार के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल जी के नाम एक ज्ञापन श्री बडे बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुण्डलपुर ने पटेरा तहसीलदार को सौंपकर कलेकटर महोदय के माध्यम से गुजरात सरकार को भेजने की मांग की है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से लेख है कि जूनागढ़ स्थित गिरनार पर्वत जो कि जैनियों का बहुत बड़ा तीर्थ है की पांचवी टोंक पर जैनो को पूजा के अधिकारी से वंचित रखने पर आक्रोश व्यक्त किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि 2 जुलाई 2025 को पांचवीं टोंक पर जहां से जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमीनाथ जी मोक्ष गये है वहां देश भर से आये हजारो जैन धर्मावलंबियों को उनके पूजा के अधिकार से वंचित रखा गया। न जयकारा बोलने दिया न कोई द्रव्य चढ़ा पाये निर्वाण लाडू चढाने दिया। दस से अधिक स्थानों पर पुलिस चेंकिंग की गई। द्रव्य छीन ली व महिलाओं से अभद्रता की गई। जबकि भारत सरकार के पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ए एसआई तथा गुजरात राज्य गजेटियर दोनो में स्पष्ट रूप से प्रमाणित है कि गिरनाथ की पांचवीं टोक मुलतः जैन तीर्थ है। ज्ञापन में मांग की गई है कि एएसआई व राज्य सरकार गजेटियर के आदेश का पालन सुनिश्चित करने अवैध मूर्ति हटाने व पांचवीं टोंक को संरक्षित जैन राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग गुजरात सरकार के मुख्यमंत्री से की गई है। अल्पसंख्यक जैन समाज ने धार्मिक भावनाओं का आदर करते हुये पांचवी टोंक पर पूजा का अधिकार मांगा है। पटेरा कुण्डलपुर शाखा ने उक्त ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र जैन बजाज पत्रकार, महेश जैन मंत्री, सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जैन, राजेन्द्र बजाज, स्वतंत्र जैन, अनिल शास्त्री, गोकलचंद जैन, नीलेश सराफ, जितेन्द्र बडकुल, पंकज जैन, कोमल जैन, राजेश सेठ, निर्मल जैन, प्रमोद कुमार, ज्ञानचंद राकेश सहित सभी सदस्य शामिल थे। तहसीलदार रीडर कीरत बाबू ने ज्ञापन को यथोचित कार्यवाही पर जिला प्रशासन को प्रषित किया गया है।